
अमर उजाला
27-11-2025

# एआई जैसी आधुनिक तकनीकों की समझ बेहद महत्वपूर्ण : दत्त




राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लेते जीएमएन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त व अन्य। स्कूल

संवाद न्यूज एजेंसी

**अंबाला।** जीएमएन कॉलेज ने फारूका खालसा स्कूल के विद्यार्थियों के लिए कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम आयोजित किया। जिसका उद्देश्य उन्हें उभरती तकनीकों और उनके व्यावहारिक उपयोग से अवगत करवाना रहा।

कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि बदलते समय में विद्यार्थियों के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी आधुनिक तकनीकों की समझ बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि जीएमएन कॉलेज छात्रों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने के लिए ऐसे कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित करता है।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता कंप्यूटर एप्लीकेशंस की सहायक प्रोफेसर डॉ. गीता कौशिक व मैनेजमेंट सहायक प्रोफेसर डॉ. दिशा अरोड़ा रहीं। दोनों विशेषज्ञों ने छात्रों को एआई की मूल अवधारणाओं, उसकी बढ़ती प्रासंगिकता और करियर संभावनाओं के बारे में सरल और उपयोगी जानकारी दी।

## जीएमएन कॉलेज ने फारूका खालसा स्कूल में कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम आयोजित

वहीं, राजीव गांधी राजकीय कॉलेज साहा में बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी करवाई गई। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि बौद्धिक संपदा अधिकार आज शिक्षा और शोध का अभिन्न हिस्सा बन चुके हैं।